प्रादेशिक समाचार

दिनांक–28.08.2024 (दोपहर–1455 बजे)

असम के मुख्यमंत्री और झारखंड में भाजपा के सह चुनाव प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने दावा किया है कि झारखंड सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की जासूसी कराया है। गुवाहाटी में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने खुलासा किया कि चम्पाई सोरेन की रेकी की जा रही थी। उनपर झारखंड से दिल्ली तक स्पेशल ब्रांच के दो दारोगा नजर रख रहे थे। उन्होंने इसे गंभीर बताते हुए पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

****

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन आज दोपहर बाद दिल्ली से रांची पहुंच रहे हैं। राजनीतिक गहमागहमी के बीच आज चंपाई सोरेन के हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल और झामुमो से इस्तीफा दिए जाने की संभावना है। वहीं इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने सोशल मीडिया पर एक पत्र के माध्यम से भाजपा में शामिल होने की वजह की घोषणा की है। चम्पाई सोरेन ने पत्र के माध्यम से संताल परगना क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठ का मामला भी उठाया है और इसे आदिवासियों के अस्तित्व के लिए बड़ा खतरा बताया है। उन्होंने आदिवासी अस्मिता और अस्तित्व को बचाने के संघर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में आस्था जताई है। चंपाई सोरेन ने घोषणा की है कि वे 30 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी में शामिल होंगे।

****

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की घोषणा पर प्रदेश की राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में भाजपा पर साजिश का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री ने लिखा है कि झारखण्ड की जनता का भरोसा और उम्मीद हर साजिशों से लड़ने की ताकत देता हैं।

****

प्रधानमंत्री जन धन योजना ने आज 10 साल पूरे कर लिए हैं। योजना के तहत अब तक 53 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को बैंकिंग सुविधा प्रदान की जा चुकी है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी लाभार्थियों को बधाई दी है और इस योजना को सफल बनाने वालों को धन्यवाद दिया है।

****

लोहरदगा जिले मे प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के लिए जागरूकता रथ गांवों में भ्रमण कर रहा है।

****

मानव तस्करी की शिकार खूंटी की सात लड़कियों को कई बड़े शहरों से मुक्त कराया गया है। इसमें 6 नाबालिग लड़कियां शामिल हैं। मानव तस्करों द्वारा इन्हें दिल्ली समेत आसपास के राज्यों में बेच दिया गया था, जिसे एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने रेस्क्यू किया है। जिला बाल कल्याण पदाधिकारी सुमन सिंह ने बताया कि रेस्कयू अभियान जारी है और जल्द ही टीम अन्य बच्चों को तलाश कर खूंटी लौटेगी उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

****

राजधानी रांची में कथित जमीन घोटाला मामले में पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश को भी जमानत मिल गई है। प्रेम प्रकाश को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दी है। हालांकि, अवैध खनन मामले में उसे अभी तक जमानत नहीं मिली है। इसलिए वह फिलहाल जेल से बाहर नहीं आ पाएगा।

****

पैरालंपिक खेलों का उद्घाटन आज फ्रांस की राजधानी पेरिस में होगा। पैरालंपिक खेल 8 सितंबर तक चलेंगे।

****

राज्य में दो सितंबर तक बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।